CAREERINDIA

# प्रतिदर्श प्रश्न – पत्र
(2018-19)
हिन्दी 'ब'
कक्षा – दसवीं

निर्धारित समय: 3 घंटे — अधिकतम अंक : 80

समान्य निर्देश :

- इस प्रश्न–पत्र में चार खंड है, क,ख,ग और घ ।
- चारो खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना आनिवार्य है ।
- यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रमश: दीजिए ।

| | खंड – क<br>(अपठित अंश) | |
|---|---|---|
| प्र.-1 | निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –<br>सुख विश्वास से ही उत्पन्न होता है । सुख जड़ता से उत्पन्न होता है । पुराने जमाने के लोग इसलिए सुखी थे कि ईश्वर की सता में उन्हें विश्वास था । उस जमाने के नमूने आज भी हैं, मगर वे महानगरों में कम मिलते हैं । उनका जमघट गाँवों, कस्बों और छोटे- छोटे नगरों में हैं। इनके बहुत अधिक असंतुष्ट न होने के कारण यह है कि जो चीज उनके बस में नहीं है, उसे वे अदृश्य की इच्छा पर छोड़कर निश्चिंत हो जाते हैं । इस प्रकार सुखी वे लोग होते हैं, जो सच्चे अर्थों में जड़तावादी है, क्योंकि उनकी आत्मा पर कठखोदी चिड़िया चौंच नहीं मारा करती, किंतु जो न जड़ता का त्याग करता है और न ईश्वर के आस्तित्व का। असली वेदना उसी संदेहवादी मनुष्य की वेदना है । 'परिचय' का आधुनिक बोध इसी पीड़ा से ग्रस्त है । वह मनुष्य न तो जानवर की तरह खा–पीकर संतुष्ट रह सकता है, न अदृश्य का अवलंब लेकर चिंता मुक्त हो सकता है । इस अभागे मनुष्य के हाथ न तो लोक रह गया है, न परलोक । लोक इसलिए नहीं कि वह जानवर बनकर जीने को तैयार नहीं है और परलोक इसलिए कि विज्ञान उसका समर्थन नहीं करता है । निदान, संदेहवाद के झटके खाता हुआ यह आदमी दिन-रात व्याकुल रहता है, और रह–रहकर अपनी समाप्ति की कल्पना करके अपनी व्याकुलता का रेचन करता है । | |
| 1. | किस प्रकार के इंसान सुखी होते हैं और क्यों? | . (2) |
| 2. | संदेह वादी कौन होता है ? वह निरंतर किस स्थिति से गुजरता रहता है ? | (2) |
| 3. | संदेह वादी लोक के सुख और परलोक के अनादर से वांचित क्यों रहता है ? | (2) |

www.careerindia.com

| | | |
|---|---|---|
| 4. | संदेह-वाद से पीड़ित व्यक्ति निरंतर किस प्रकार की अनुभूति से व्यथित रहता है ? | (2) |
| 5. | उपर्युक्त गद्यांश उपयुक्त शीर्षक दीजिए । | (1) |
| प्र.-2 | निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए<br>तू हिमालय नहीं, तू न गंगा- यमुना<br>तू त्रिवेणी नहीं, तू न रामेश्वरम<br>तू महाशील की है अमर कल्पना<br>देश । मेरे लिए तू परम वंदना ।<br>मेघ करते नमन, सिंधु गोदावरी<br>है कराती युगों से तुझे आचमन<br>तू पुरातन बहुत, तू नए से नया<br>तू महाशील की है अमर कल्पना ।<br>देश मेरे लिए तू महा – अर्चना<br>शक्ति – बल का समर्थक रहा सर्वदा<br>तू परम तत्व का नित विचारक रहा । | |
| 1. | कवि का देश को 'महाशील की अमर कल्पना' कहने से क्या ताप्पर्य है ? | (2) |
| 2. | भारत देश पुराना होते हुए भी नित नूतन कैसे है ? | (2) |
| 3. | देश का सत्कार प्रकृति किस प्रकार करती है ? काव्यांश के आधार पर स्पष्ट कीजिए । | (2) |
| | अथवा | |
| | मेघ आए बड़े बन-ठन के सँवर के।<br>आगे-आगे नाचती-गाती बयार चली,<br>दरवाजे-खिड़कियाँ खुलने लगी गली-गली।<br>पाहुन ज्यों आए हो गाँव में शहर के।<br>मेघ आए बड़े बन-ठन के सँवर के।।<br>पेड़ झुक झाँकने लगे गरदन उचकाए,<br>आँधी चली, धूल भागी घाघरा उठाए,<br>बूढ़े पीपल ने आगे बढ़कर जुहार की<br>बरस बाद सुधि लीन्ही-बोली अकुलाई लता ओट हो किवार की | |
| (क) | पाहुन किसे कहा गया है और क्यों? | (2) |
| (ख) | बन-सँवर कर कौन आया और उससे क्या-क्या परिवर्तन हुए? | (2) |
| (ग) | बूढ़ा पीपल किसके रुप में है और उसने क्या किया? | (2) |
| | खंड – ख | |
| प्र.-3 | शब्द कब पद का रूप ले लेते हैं ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए । | (2) |
| | अथवा | |

www.careerindia.com

| | | |
|---|---|---|
| | पद कहलाने के लिए शब्द के अपने स्वरूप में क्या परिवर्तन लाना पड़ता है ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। | |
| प्र.-4 | नीचे लिखे वाक्यों में से किन्हीं तीन वाक्यों का निर्देशानुसार रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण कीजिए - | (3) |
| (क) | बालक रोया और चुप हो गया । (सरल वाक्य) | |
| (ख) | सूर्योदय होने पर पक्षी चहचहाने लगे । (संयुक्त वाक्य) | |
| (ग) | तुम गाड़ी रुकने के स्थान पर चले जाओ । (मिश्र वाक्य) | |
| (घ) | वह पत्रिका पढ़ने के लिए पुस्तकालय गया। (संयुक्त वाक्य) | |
| प्र.-5<br>(क) | निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही दों शब्दों का समास-विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए।<br>स्नेहमग्न, अंधकूप, शताब्दी | (2) |
| (ख) | निम्नलिखित में से किन्ही दो के समास – विग्रह को समस्त पद में परिवर्तित करके समास का नाम लिखिए – | (2) |
| (अ) | झड़ जाते हैं पत्ते जिस ऋतु में | |
| (ब) | पेट भर कर | |
| (स) | सुख और दुख | |
| प्र.-6 | निम्नलिखित वाक्यों में से किन्ही चार वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखिए - | (4) |
| (क) | हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री पहुँचे । | |
| (ख) | ‘गोदान’ उपन्यास मुंशी प्रेमचंद ने लिखा । | |
| (ग) | उसने तरह–तरह के चमड़े के जूते खरीदे । | |
| (घ) | केवल मात्र यहाँ दो पुस्तकें हैं । | |
| (ड) | खरगोश को काटकर गाजर खिलाओं | |
| प्र.-7 | रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित मुहावरों द्वारा कीजिए - | (2) |
| (क) | वह स्वभाव से इतना उग्र है कि बात–बात पर ........................ है । | |
| (ख) | गुप्तचर विभाग का काम यही है कि वह असामाजिक तत्वों की प्रत्येक गतिविधि पर ............. । | |

www.careerindia.com

| | | |
|---|---|---|
| (ग) | तताँरा किनारे पर खड़ा वामीरों की ................. था। | |
| | खंड – ग | |
| प्र.-8 | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए | |
| (क) | लेखक ने व्यावहारिकता को समाज के लिए अच्छा क्यों नहीं माना ? | (2) |
| (ख) | समुद्र के गुस्से की वजह क्या थी ? उसने अपना गुस्सा कैसे निकाला? | (2) |
| (ग) | तँतारा की तलवार के बारे में लोगों की क्या राय थी ? | (1) |
| | अथवा | |
| | कौंसिल की ओर से क्या नोटिस निकला ? | |
| प्र.-9 | पाठ 'बड़े भाई साहब' के आधार पर छोटे भाई के व्यक्तित्व का चित्रण कीजिए। | (5) |
| | अथवा | |
| | वजीर अली सच्चे मायनो में जॉबाज सिपाही था – कथन की पुष्टि कीजिए । | |
| प्र.-10 | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए – | |
| (क) | बिहारी के दोहों के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि सच्चे मन में ईश्वर बसते हैं? | (2) |
| (ख) | 'सर पर कफन बाँधना' किस ओर संकेत करता है ? | (2) |
| (ग) | कवि ने तालाब की समानता किससे की है ? | (1) |
| | अथवा | |
| | मीरा श्रीकृष्ण के समीप रहने के लिए क्या करने को तैयार है? | |
| प्र.-11 | 'आत्मत्राण' कविता अन्य प्रार्थनाओं से किस प्रकार अलग है ? | (5) |
| | अथवा | |
| | कबीर के दोहों की प्रासंगिकता स्पष्ट कीजिए । | |
| प्र.-12 | 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर बताइए कि धर्म के नाम पर किस तरह साधारण जन की भावनाओं से खेला जाता है? | (5) |
| | अथवा | |
| | विद्यार्थियों को अनुशासन में रखने के लिए पाठ 'सपनों के से दिन' में अपनाई गई | |

www.careerindia.com

| | | |
|---|---|---|
| | युक्तियों और वर्तमान में स्वीकृत मान्यताओं के संबंध में विचार प्रकट कीजिए। | |
| | (खंड – घ) | |
| प्र.-13 | निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए | (5) |
| | प्लास्टिक की दुनिया – कृत्रिम पदार्थ प्रयोग .... गुण- अवगुण ..... हानियाँ ..... ज़िम्मेदारी । | |
| | कैसा शासन बिन अनुशासन – अनुशासन की आवश्यकता ........ देश की वर्तमान स्थिति .......... अनुशासनहीनता के कारण ............... न्याय में देरी का समाधान । | |
| | सपने में अंतरिक्ष की यात्रा – भूमिका ........... अंतरिक्ष में पहुँचना .......... भ्रमण का अनुभव वास्तविक स्थिति में वापसी । | |
| प्र.-14 | अपने सेवानिवृत पूर्व अध्यापक को उनकी उपलब्धियों की सराहना करते हुए धन्यवाद–ज्ञापन पत्र लिखिए । | (5) |
| | अथवा | |
| | कक्षा के प्रतिनिधि होने के नाते गणित विषय को बेहतर करने के लिए कक्षा की तरफ से गणित विषय के लिए अतिरिक्त कक्षाओं की व्यवस्था के लिए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए । | |
| प्र.-15 | आप अपने विद्यालय में एन.सी.सी. के छात्र प्रतिनिधि हैं । गणतंत्र दिवस समारोह की परेड में हिस्सा लेने में इच्छुक छात्रों हेतु 25-30 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए । | (5) |
| | अथवा | |
| | आप विद्यालय के छात्र संघ के सचिव है । विद्यालय में मोबाइल निषेध है । इससे संबंधित सूचना जारी करते हुए 25-30 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए । | |
| प्र.-16 | जलभराव की शिकायत लेकर गए नागरिक और नगर पालिका अध्यक्ष के बीच होने वाले संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए । | (5) |
| | अथवा | |
| | एक घायल व्यक्ति को सड़क पर देखकर दो मित्रों के बीच होने वाले संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए। | |
| प्र.-17 | कुछ व्यक्तिगत कारणों से आपने अपने नाम में कुछ बदलाव किए हैं, उससे संबंधित लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन का आलेख तैयार कीजिए । | (5) |
| | अथवा | |
| | गर्मियों की छुट्टियों में आपने एक नृत्य संस्थान खोला है । उससे संबधित लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन का आलेख तैयार कीजिए । | |

www.careerindia.com

CAREERINDIA

www.careerindia.com